an>

Title: Need to convert Nadiad-Kapdvaji-Modasa railway line in Gujarat into broad gauge.

श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा) : उपाध्यक्ष जी, नडियाद-कपद्वंज-मोडासा रेलवे ट्रेन शामलाजी रेलवे स्टेशन तक जाती है। इस लाइन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने की मांग दशकों से की जा रही है। इस वजह से गुड्स ट्रेन का प्रावधान नहीं हो रहा है और सारा माल-सामान सड़क के माध्यम से ले जाना पड़ता है।

कपद्वंज-मोडासा न्यू ब्रोड गेज लेन शामलाजी तक पहुंचती है और इस 22.53 किलोमीटर के लिए 55.97 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस रूट के लिए भारत सरकार के रेल मंत्रालय को बहुत बार पत्र व्यवहार के माध्यम से आगे की कार्यवाही के लिए कहा गया है लेकिन आज तक प्रगति नहीं हुई है। इस रूट से दिल्ली से उदयपुर और गुजरात के मोडासा-कपद्वंज-नडियाद-वड़ोदरा-सूरत एवं मुम्बई के नागरिकों को बेहतर रेल सेवा मिलने वाली है।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Member, only whatever approved text is given, you have to read that only and not anything else.